राजस्थान सरकार
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकःप.7 (4) विविध/अकाद/आकाशि/02880/पार्ट–II दिनांक

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः–**हरियाली तीज के अवसर पर वृहद् पौधारोपण किये जाने के क्रम में।**
संदर्भः–विभाग के समसंख्यक आदेश सं. प.8 (36) विविध/एनएसएस/आकाशि/2022/2544 दिनांक 5.5.2024 एवं 2540 दिनांक 28.6.2024 तथा एफ. 8 (21) पॉलूशन/ एनएसएस/ आकाशि/2022 दिनांक 30.7.2024

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रदेशभर में 07 अगस्त, 2024 को हरियाली तीज का आयोजन हर्षोल्लास से किया जायेगा। हरियाली तीज के शुभ अवसर पर प्रदेशभर में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान के अन्तर्गत **"हरियालो राजस्थान"** कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

इस अवसर पर महाविद्यालयों में संकाय सदस्य, कर्मचारी तथा विद्यार्थीगण एक पौधा अनिवार्य रूप से महाविद्यालय परिसर में अथवा सार्वजनिक स्थल पर लगाये। उक्त अभियान के तहत् लगाये गये पौधे को वृक्ष के रूप में विकसित होने तक सम्पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करें। अभियान के अन्तर्गत जैवविविधता पूर्ण स्थानीय पौधे लगाये। इन पौधों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री–गार्ड लगाये तथा रिंग ट्रेन्च बनाये तथा समय–समय पर जैविक खाद भी देवें। प्राचार्य https://merilife.nic.in पोर्टल तथा स्प्रेडशीट–NSS.Plantation2024 पर अपने महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के फोटो/विडियो अपलोड करने के साथ ही, राजस्थान सरकार के पोर्टल https://geotree.geoplanetsolution.in पर भी फोटो/विडियो अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें।

जिला स्तर पर जिला मुख्य वनसंरक्षक/उप–वनसंरक्षक तथा स्थानीय स्तर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी से सम्पर्क कर पौधें प्राप्त कर अधिक–अधिक संख्या में वृक्षारोपण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान
जयपुर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :–
1. निजी सचिव, आयुक्त,कॉलेज शिक्षा राज. जयपुर।
2. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने हेतु।
3. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान

RajKaj Ref
9523842

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.08.02 1?:00:07 IST
Reason: Approved